>

Title: Request the government to take steps to revive the Katihar jute mill in Bihar.

श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी (कटिहार): धन्यवाद सभापति महोदया, मेरा संसदीय क्षेत्र कटिहार है, जो बिहार में पड़ता है । यह क्षेत्र जूट उत्पादक है । बिहार के अधिकांश किसान जूट का उत्पादन करते हैं । वर्ष 1935 में कटिहार जिले में भारत सरकार के एक उपक्रम एनजेएमसी के द्वारा आरबीएम में जूट मिल चलायी जाती थी । यह जूट मिल 8 जनवरी, 2016 से बंद पड़ी है । इस जूट मिल में भारी संख्या में बोरे इत्यादि का उत्पादन होता था । इससे हजारों की संख्या में लोग सीधे रोजगार पाते थे । लाखों किसानों को जूट के क्रय-विक्रय से जूट की सही लागत मिल रही थी । भारत सरकार सभी तरह के उपक्रम और एमएसएमई को चला रही है । इसी तरह से कटिहार की जूट मिल को भी चलाया जा सकता है । मैं यह इसलिए कह रहा हूं कि कटिहार जूट मिल की जो फिजीबिलिटी है और जो एक्सपर्ट बता रहे हैं, वह जूट मिल कभी भी चालू करवायी जा सकती है और वह चलने की स्थिति में है । मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन है कि कटिहार जूट मिल को सरकार स्वयं चलाए या आउटसोर्सिंग के माध्यम से चलाया जा सकता है । दुर्भाग्य से यह जूट मिल प्रबंधन की गलती के कारण नहीं चल सकी और बंद थी । मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि कटिहार जूट मिल को चलाया जाए । इससे किसानों को फायदा होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे । कटिहार जिला अकांक्षी जिला है, इससे उसका और बिहार का विकास होगा । आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ।